कार्यालय प्राचार्य, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा
अण्टाघर सर्किल के पास, नयापुरा, कोटा 324001
टेलिफोन व फैक्स नं. 0744–2324074
ई–मेल : jdbcollege@gmail.com and ggsckota@gmail.com

क्रमांक: DLQAC /जादेब / 2021 / 6681 दिनांक: 03/01/2022

DLQAC बैठक कार्यवाही विवरण

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा द्वारा आज दिनांक 23.12.2021 को दोपहर 12.00 बजे DLQAC की आनलाईन बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कोटा संभाग के कोटा, बारां, बूँदी व झालावाड़ के नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम डॉ. शुचिता जैन ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक का एजेण्डा प्रस्तुत किया।

डॉ. अनिता कोठारी, प्राचार्य एवं संयोजिका डीएलक्यूएसी, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा ने सभी महाविद्यालयों से नैक राजस्थान स्प्रेडशीट भरने तथा एक्यूएआर 2020–21 को नये फॉर्मेट का अध्ययन कर भरना प्रारम्भ करने हेतु आह्वान किया।

डॉ. श्रुति गुप्ता, प्रतिनिधि, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर ने सभी नोडल महाविद्यालय प्रतिनिधियों से अपील की व सुझाव दिया कि सभी जिला मुख्यालयों पर स्थित पात्र महाविद्यालयों को NAAC प्रक्रिया के लिये शीघ्रता से एसएसआर व एक्यूएआर सम्बन्धी कार्यों को पूर्ण करना चाहिए। राजस्थान के महाविद्यालयों की NAAC की स्थिति अच्छी न होने पर उन्होंने खेद जताया।

डॉ. घनश्याम शर्मा, प्रतिनिधि, कोटा विश्वविद्यालय कोटा ने नवीन AQAR Format को भरने सम्बन्धी जानकारी दी व कोटा विश्वविद्यालय कोटा का AQAR 2020-21 जमा कराने की सूचना दी।

डॉ. दिलीप राठौड़, IQAC समन्वयक, राजकीय महाविद्यालय बून्दी की SSR की तैयारी पूर्ण होने की सूचना दी व IIQA जल्द ही फाईल करने जा रहे के बारे में बताया। डॉ. सतीश सारस्वत, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बून्दी ने राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी की जानकारी साझा की।

श्रीमती सीमा सिंह, IQAC समन्वयक, राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय कोटा ने 2020–21 का AQAR भरने की चल रही प्रक्रिया के बारे में बताया।

श्री कृष्ण मुरारी मीणा, IQAC समन्वयक, राजकीय महाविद्यालय बारां ने बताया कि 2019–20 का AQAR भर दिया गया है तथा 2020–21 का AQAR व SSR की तैयारी के बारे में बताया।

श्री अरूण कुमार, IQAC समन्वयक, राजकीय महाविद्यालय कोटा ने Criterion 5 में Alumni सम्बन्धी Data Validation के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि राजकीय महाविद्यालय कोटा में NAAC Peer Team Visit माह फरवरी 2022 में प्रस्तावित है।

डॉ. शुचिता जैन ने NAAC प्रत्यायन प्रक्रिया में Criterion-V (Student Support & Progession) की जानकारी पावर पोइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से दी।

अन्त में, डॉ. शुचिता जैन, सदस्य सचिव SLQAC को बधाई देते हुए प्रति माह आयोजित होने वाली बैठक से महाविद्यालयों के प्रयासों में हुई वृद्धि पर संतोष जताया तत्पश्चात् धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

अनिता 03.01.2022
डॉ. अनिता कोठारी
प्राचार्य एवं समन्वयक डीएलक्यूएसी
जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय कोटा

Scanned with OKEN Scanner